卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 99 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦16 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सुप्रीम कोर्ट में हिंदू पक्ष को झटका शाही ईदगाह का सर्वे नहीं होगा

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में हिंदू पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें शाही ईदगाह का सर्वे करने के लिए कोर्ट कमिश्नर के नियुक्त करने का आदेश दिया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीते साल 14 दिसंबर को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दी थी, जिसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई



करते हुए कहा, इस मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी, लेकिन सर्वे करने के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति पर अंतरिम रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपकी अर्जी स्पष्ट नहीं है। आपको स्पष्ट रूप से बताना होगा कि आप क्या चाहते हैं। इसके अलावा ट्रांसफर का मामला भी न्यायालय में लंबित है। हमें उस पर भी फैसला लेना है। बता दें शाही ईदगाह में सर्वे की मांग के लिए भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और 7 अन्य लोगों ने वकील हरि शंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडे और देवकी नंदन के माध्यम (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से तीन लोग घायल

कोटद्वार (उद संवाददाता)। लैंसडोन क्षेत्र में एक कार गहरी खाई में गिरने से तीन लोग घायल हो गये। दिल्ली से तीनों लोग पौड़ी शादी समारोह में जा रहे थे। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बैगनार कार संख्या डीएल3सी बीयू 3488 गुमखाल से करीब एक किमी आगे एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में गिर



गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी सतपुली ने रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही मुख्य आरक्षी महावीर सिंह टीम के साथ मय आवश्यक उपकरणों के तत्काल घटनास्थल (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक और किशोरी बनी लव जिहाद का शिकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दूसरे धर्म के युवक द्वारा एक किशोरी को अपने प्रेम



जाल में फंसाकर उसे अगवा कर लिया और शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। परिजनों ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता की माता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि गत 12 जनवरी को सायं पांच बजे उसकी गैरमौजूदगी में पहाड़गंज निवासी शोएब पुत्र कलीम उसके घर पर आया और उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ जयपुर ले गया। आरोप है कि वहां शोएब ने पुत्री को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को यह बात बताने पर जान से मारने (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबंगों के खिलाफ कालोनीवासी मुखर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वसुंधरा पार्क –2 कालोनी के कई निवासियों ने कोतवाल धीरेंद्र कुमार से मुलाकात कर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने कालोनी के कुछ लोगों पर गैस कम्पनी के कर्मचारियों व सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट कर यहां के निवासियों को धमकाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। कालोनी वासियों ने बताया कि कालोनी के अधिकांश निवासी द्वारा इण्डियन आयल अडानी की गैस पाइपलाइन के कनेक्शन, हेतु आवेदन किया गया। कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा गैस कनेक्शन का कार्य



शुरू कर दिया गया। परन्तु कालोनी के कुछ लोगों द्वारा गैस कनेक्शन देने वालो को गाली गलौच कर 07 जनवरी को भगा दिया तथा मारपीट भी करने लगे। उक्त व्यक्तियो द्वारा कालोनी के सिक्योरिटी गार्ड को मारपीट कर भगा दिया एवं कहने लगे कि सोसाइटी उनकी है यहाँ पर उनकी भर्ती के बगैर कोई काम नहीं होगा। उक्त लोगो के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करे। कोतवाल ने उन्हें जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इस दौरान दर्शन कुमार, सुभाष कुमार,ईश्वर सिंह,प्रहलाद, जितेन्द्र सिंह, पुल्कित (शेष पृष्ठ सात पर)

## चीला हादसे में एक और घायल ने तोड़ा दम

ऋषिकेश। चीला सड़क हादसे में घायल ने उपचार के दौरान एम्स में दम तोड़ दिया है। हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या अब बढ़कर छह हो गई है। बता दें आठ जनवरी को चीला रेंज में एक इंटरसेप्टर वाहन का ट्रायल किया जा रहा था। ट्रायल के लिए वाहन में वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी, वन क्षेत्राधिकारी शैलेश घिल्डियाल, उपवन क्षेत्राधिकारी प्रमोद ध्यानी, चिकित्सक राकेश नौटियाल के अलावा कुलराज सिंह, हिमांशु गोसाई, सैफ अली खान, अंकुश, अमित (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में दो युवकों की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अलग अलग मामलों में गत दिवस दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार अटरिया रोड़ आवास विकास निवासी करीब 36 वर्षीय बब्बू उर्फ पप्पू पुत्र रमेश मानसिक रूप से कमजोर था और वह आवास विकास क्षेत्र में घूमता रहता था। बताया जाता है कि गत दिवस उसे लोगों ने मार्ग किनारे पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पप्पू के माता पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। वहीं एक अन्य मामले में मौहल्ला खेड़ा निवासी 27 वर्षीय नरेश पुत्र प्रदीप को परिजन गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक नरेश मजदूरी करता था और नशे का आदि था। गत सायं उसने अधिक मात्रा में कच्ची शराब पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। इधर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## बाइकों की भिड़ंत में तीन गंभीर

शक्तिफार्म। टैगोरनगर पानी की टंकी के सोमवार रात दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया। घटना रात करीब साढ़े आठ बजे की है। शक्तिफार्म टैगोर नगर रोड पर दो मोटर साइकिलें आपस में भिड़ गयी। हादसे में तीन युवक गंभीर घायल हो गये। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि एक युवक के पैर की हड्डी टूटकर चकना चूर हो गयी। घटना के बाद



मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गयी। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। 108 की मदद से तीनों घायलों को अस्पताल भेजा गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## ऑनलाईन चार लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर एक खाता धारक को भ्रमित कर उसके खाते से चार लाख रूपये की धनराशि अन्य खाते में स्थानांतरित करा ली गई। साईबर पुलिस ने पांच माह बाद मामले की रपट दर्ज की है। दर्ज रपट में डा. मनमोहन सिंह निवासी आदर्श कालोनी ने कहा है कि उनके खाते से आनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड कर अज्ञात व्यक्ति ने चार लाख रूपये उसके खाते से 17 अगस्त 2023 को एक जाली मोबाइल काल के जरिए भ्रमित कर अज्ञात खाते में स्थानांतरित करा लिए गये। जिसकी जानकारी उनके द्वारा प्रदेश की साइबर क्राइम विभाग रुद्रपुर को उसी दिन दे दी थी। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अंजान युवक को लिफ्ट देना भारी पड़ा

### स्कूटी और मोबाइल लेकर हुआ फरार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक अंजान युवक को लिफ्ट देना और उसके साथ शराब पीना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। अंजान युवक उसकी स्कूटी और मोबाइल लेकर चंपत हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गैस गोदाम रोड निवासी दान सिंह बिष्ट पुत्र स्व. आन सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीती 22 दिसंबर को रामपुर रोड से घर की ओर आ रहा था। तभी एक अंजान युवक ने उससे लिफ्ट ली जिसके बाद वह उसके साथ मंडी बाइपास आ गया। (शेष पृष्ठ सात पर)



# श्री राम सेवक सभा ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

नैनीताल(उद संवाददाता)।श्री राम सेवक सभा द्वारा मकर संक्रांति एवं घुघुतिया के अवसर पर खिचड़ी भोज आयोजित किया गया । परंपरा अनुसार मकर संक्रांति पर तिल, गुड़, रेवड़ी आदि की तरह ही खिचड़ी भोज का विशेष महत्व है। इसलिए इसे खिचड़ी पर्व के नाम से भी जाना जाता है । खिचड़ी कोई साधारण भोजन नहीं है। बल्कि इसका संबंध ग्रहों से होता है। मान्यता है कि दाल, चावल, घी, हल्दी, मसाले और हरी सब्जियों से मिश्रण से बनने वाले खिचड़ी का संबंध नवग्रहों से है। इसलिए खिचड़ी के सेवन से शुभ फल की प्राप्ति होती है। खिचड़ी में प्रयुक्त होने वाले चावल का संबंध चंद्रमा से, नमक का शुक्र से, हल्दी का गुरु से, हरी सब्जियों का बुध से और खिचड़ी के ताप का संबंध मंगल ग्रह से होता है। मकर संकांति पर बनने वाली खिचड़ी में काली ऊड़द की दाल और तिल का प्रयोग किया जाता है, जिसके दान और सेवन से सूर्य देव और शनि की कृपा प्राप्त होती है श्री राम सेवक परिवार ने सभी नगरवासी ,उत्तराखंड वासियों को बधाई दी तथा परंपरा अनुसार मास की खिचड़ी परोसी गई । इस अवसर पर सभा के साथ अध्यक्ष मनोज साह ,अशोक साह , जगदीश बावड़ी, विमल चौधरी ,ललित साह ,मुकेश जोशी ,भुवन बिष्ट ,हरीश राणा ,दीपक साह , मिथिलेश पांडे ,आशु बोरा ,कमलेश ढौंडियाल ,डॉक्टर मनोज बिष्ट ,दीप्ति बोरा ,दामोदर लोहनी ,सुरेश बिनवाल, प्रो ललित तिवारी सहित शहर वासियों ने धूप में खिचड़ी भोज में प्रति भाग किया।



# हर्षोल्लास से मनाया घूगूतिया पर्व बच्चों ने गले पहनी घूगूती की माला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति व उत्तरायणी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। पर्वतीर्य क्षेत्र के ग्रामीण अपने घरों मे अपने अराध्य देवताओं की पूजा अर्चना कर घुगूतीया का पर्व मनाया गया। लोक पर्व घूगूतिया पर्व के दिन बच्चों ने अपने गले मं घुगूती की माला पहनकर अपनी संस्कृति को संरक्षित करने का संदेश दिया। घुघुतिया या मकर संक्रांति के अगले दिन बच्चे काले कौआ घुघुती माला खाले की आवाज लगाकर कौए को बुलाते हैं और उसे यह पकवान खिलाते हैं. उत्तराखंड के बाहर रह रहे युवाओं में भी घुघुतिया त्यौहार के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अनेक समूह अलग अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिये वीडियो और लेख पोस्ट कर रहे हैं । मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति व उत्तरायणी पर्व के अवसर पर जारी अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यदेव की उपासना, दान एवं धर्म परायणता का यह पर्व लोगों के जीवन में उत्साह और उमंग का संचार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति और इस अवसर पर किए जाने वाले दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। यह पर्व माँगलिक कार्यों के शुभारम्भ से भी जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि भगवान सूर्य की आराधना का यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।



# मकर सक्रांति पर खिचड़ी भंडारा आयोजित

खटीमा (उद संवाददाता)। पूर्वांचल सेवा समिति द्वारा मेला घाट रोड राजीव नगर में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वांचल सेवा समिति के प्रधान में खिचड़ी भंडारी का आयोजन में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। खिचड़ी भंडारे में मुख्य रूप से पूर्वांचल सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील रैदानी, रमेश चंद्र जोशी, मनोज बाजवा ,नंदन सिंह खड़ायत, संतोष अग्रवाल, सतीश गोयल, ठाकुर जितेंद्र सिंह, अंकित पांडे, केपी सिंह, अजय सिंह, कमल सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, बृजेश प्रजापति, राघव यादव,करण यादव, विश्वनाथ यादव, संजय कपूर, संजय खोलिया, बाबूराम अरोड़ा, अरुण सक्सेना, सुदर्शन वर्मा, नरेश यादव, अवधेश गुप्ता, रवीश भटनागर, संजय गुप्ता आदि उपस्थित थे। वहीं विभिन्न मंदिरों में मुख्य चौक पर हनुमान मंदिर के सामने शिव कॉलोनी साई मंदिर में उत्सव रेस्ट हाउस के उसके सामने उत्तरायणी मेले में जगह-जगह मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया।



# कुमांऊ विवि के दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर

नैनीताल (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के 18वें दीक्षांत समारोह की तैयारिया लगभग अंतिम चरण में हैं।19जनवरी को आयोजित हों वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। प्रो.दीवान एस रावत कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय के नेतृत्व में डी एस बी परिसर प्रशासन रात दिन तैयारियों में लगा है इस बार को थीम हल्का क्रीम कलर होगी। पूर्णत: एकेडमिक कार्यक्रम में 151टॉपर को मेडल्स ,6को डिलीट की उपाधि,379को पीएचडी उपाधि साथ ही वर्ष 2022एवम 2023के स्नातकों व परास्नातकों को उपाधि के लिए संकायाध्यक्षों द्वारा महामहिम के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। समारोह के लिए 18जनवरी प्रात: 10 बजे रिहेशल होगी। 980अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। दीक्षांत हेतु प्रात: 10 से अपराह्न 3 बजे का समय रखा गया हैं। पीएचडी मेडल विनर्स तथा डी लिट का पंजीकरण 16 अथवा 18 को फिजिक्स डीएसबी परिसर में करना अनिवार्य है। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के लिए सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है। कार्यमक्रम की तैयारी में प्रो.दीवान एस रावत के साथ दिनेश चंद्र कुल सचिव, अनिता आर्य वित्त नियंत्रक ,प्रो.नीता बोरा निदेशक, डीएसबी परिसर नैनीताल,प्रो. संजय पंत डी एस डब्लू डी एस बी परिसर,प्रो. ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय , डॉ.रितेश साह,डॉ.विजय कुमार, डॉ.गगन होठी,. के.के.पांडे,. हेम भट्ट, डॉ.नवीन पांडे,डॉ. निधि वर्मा, अतुल आर्या अभियंता ,राजेंद्र ढैला,गणेश ,दीपक बिष्ट, पी सी पाठक,सी. एस.पंत. नंदा बल्लभ पालीवाल, कुंदन नवीन तिवारी,रितेश कुमार इत्यादि तैयारियों में लगे रहें।

# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी का किया स्वागत

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा के देहरादून स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति



रौतेला सहित प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल,प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस सुनीता कश्यप, खष्टी बिष्ट,सहित दर्जनों महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुश्री कुमारी शैलजा का बुके प्रदान कर एवं शॉल ओड़ाकर भव्य स्वागत किया।

# पांच जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के पांच जिलों में आज भी घना कोहरा रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में घना कोहरा छाने का अलर्ट है। हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कोहरे का असर सबसे अधिक देखने को मिलेगा। पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने से शीतलहर परेशान करेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अगले चार दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। जिसके चलते प्रदेश भर में मैदान से लेकर पहाड़ तक सूखी ठंड पड़ेगी। दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, लेकिन रात का न्यूनतम तापमान गिरने से सुबह-शाम खूब ठंड हो रही है। सोमवार को दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले के सभी स्कूल मंगलवार को बंद रहेंगे। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की ओर से अधिक कोहरा और ठंड पड़ने की आशंका को देखते हुए जनपद के कक्षा एक से आठ तक के सभी सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिन स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर कक्षा नौ से 12 तक के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चल रही हैं। उनका संचालन भी सुबह नौ बजे के बाद किया जाए। जिलाधिकारी की ओर से आदेशों का सख्ती के साथ पालन कराने को कहा गया है।

# नाबार्ड ने चालीस हजार करोड़ रूपये की ऋण योजना की तैयार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड ने इस वर्ष चालीस हजार करोड़ रूपये की ऋण योजना तैयार की है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में साढ़े 33 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि ऋण को जरूरतमंद और योग्य लोगों तक सरलता से पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका बैंकों की है। उन्होंने कहा कि इस ऋण व्यवस्था की सही निगरानी भी अत्यंत आवश्यक है, बैंकों को ध्यान देना होगा कि जरूरतमंद को ऋण सम्बन्धित औपचारिकताओं के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद के दोनों सदनों में पारित करा दिया गया है। हमारी सरकार भी उत्तराखण्ड में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान कर रही है। हमारी सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन रोकने हेतु पलायन निवारण आयोग का गठन किया है। पर्वतीय क्षेत्रों में ऋण आवंटन हेतु विशेष अभियान चलाया जाए और जरूरतमंद लोगों को आसानी से ऋण मिल सके, यह बहुत आवश्यक है। इस कार्य में बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका है।

# चीनी मिल ने किसानों को भुगतान किया

किच्छा। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि मिल की ओर से 25 से 31 दिसंबर 2023 तक खरीदे गए गन्ने का 7,96,38,522 रुपये का भुगतान समितियों के बैंक खातों में भुगतान कर दिया है। मिल की ओर से स्वयं के संसाधनों से अभी तक पेराई सत्र शुरू से दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का कुल गन्ना मूल्य 23,66,85,253 रुपये का भुगतान समितियों को कर दिया है।बताया कि शासन की ओर से शासकीय गारंटी भी मिल गई है। मिल ने आज तक 11,38,300 क्विंटल गन्ने की पेराई कर, 10.23 फीसदी टू-डेट चीनी प्राप्त करते हुए कुल 1,13,430 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह जड़ अगौला पत्ती रहित ताजा व साफ-सुथरा गन्ना आपूर्ति करें।

# विशाल मेगा मार्ट पार्किंग से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों अज्ञात वाहन चोर ने नैनीताल मार्ग स्थित विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग से मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राकेश विश्वास पुत्र गोविंद विश्वास, निवासी विजयनगर कालीनगर दिनेशपुर ने कहा है कि 10 जनवरी को उसकी बाइक संख्या यूके 18 सी 9001 विशाल मेगा मार्ट रुद्रपुर की पार्किंग से चोरी हो गई। जो उनके पिताजी गोविंद विश्वास के नाम से पंजीकृत है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# देश की पहली चीनी मिल अब गिन रही ऑखरी सांस

## भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा रखी गयी थी चीनी मिल की नींव

बाजपुर(उद संवाददाता) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के द्वारा देश की पहली चीनी मिल के रूप में रखी नीव अब डगमगाती हुई नजर आ रही है। किसानों की रोजी रोटी चलाने वाली चीनी मिल अब बंदी कगार पर आखरी सांसे गिन रही है। सहकारिता क्षेत्र की सबसे प्रथम चीनी मिल अब बर्बादी की कगार पर पहुँच चुकी है। जिसकी परवाह किसी को भी नहीं है। ये चीनी मिल बंद होने से 1500 कर्मचारियों के रोजगार पर तलवार लटक सकती है। बुरे दौर से गुजर रही बाजपुर चीनी मिल का घाटा सैकड़ो करोड रुपये से भी ज्यादा हो चुका है। इस सत्र को चीनी मिल चलाने के लिए रिपेयर के नाम पर लगभग 20 करोड़ रुपये आये थे जितने खर्च्च के बाबजूद चीनी मिल सही प्रकार से नहीं चल पा रही है। जनपद उधम सिंह नगर की बाजपुर विधान सभा क्षेत्र जो की सबसे हॉट सीट के रूप में जानी जाने बाली बाजपुर विधानसभा में स्थापित चीनी मिल का अस्तित्व अब खतरे में हैं। आपको बताते चले की मिल में 148 करोड़ रुपयों के सालाना कारोबार के बावजूद इस बार करोडो का घाटा दिखया जा रहा है। मौजूदा सत्र में इस फैक्ट्री का अस्तित्व बचाने के लिए 20 करोड़ से ज्यादा खर्च किया गया है बाबजूद उसके चीनी मिल अपनी आखिरी सांसे गिनने पर मजबूर हैं। इतनी मोटी रकम खर्च करने के बाद भी चीनी मिल सही प्रकार से नहीं चल पा रही जिससे किसानो को खासी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है जिससे परेशान होकर किसान चीनी मिल के महा प्रबंधक के पास गए और मामले को लेकर शिकायत की। उन्होंने जीएम चीनी मिल को बताया कि इस बार चीनी मिल के रिपेयर में सबसे ज्यादा खर्च किया गया है लेकिन स्थिति जस की तस है। उन्होंने कहा की स्थिति ऐसी बनी रहनी थी तब इतना पैसे लगाने की जरूरत किया थी। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने बताया कि जब फैक्ट्री शुरू की गयी थी उस वक्त फैक्ट्री अच्छी चली लेकिन अब किसानों को 48 घंटे तक इन्तेजार करने के बाद घर बापस जाना पड़ रहा है। सही तरीके से फैक्ट्री चलाने में कर्मचारियों का हाथ होता है लेकिन कर्मचारियों इसे अपनी माँ नहीं समझ रहे। किसान कभी इस फैक्ट्री को माँ का दर्जा देते थे। उन्होंने बताया की चीनी मिल के जीएम ने आश्वासन दिया है कि अब सही चलेगी फैक्ट्री। जीएम चीनी मिल बाजपुर ने बताया कि चीनी मिल को सही से चलाने के पुरे प्रयास किये जा रहें हैं साथ में उन्होंने अपने करचारियों की कमी भी काबुली है। उन्होंने बताया पूरी फैक्ट्री का रिनोवेट किया गया है सभी कंप्यूटरराइज कर दिया गया है जिसके कारण थोड़ी दिक्कत आ रही है जल्द ही ठीक कर ली जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि फैक्ट्री में नयी मशीनों को चलाने के लिए कुशल कारीगर नहीं है।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# भारत संकल्प यात्रा में निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को वितरित किया खाद्यान्न

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जिनमें फरियादियों ने आवेदन दर्ज कराये। राज्य हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने निक्षय मित्र बन क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार की किट वितरित की। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य, खाद्य, राजस्व, जल विद्युत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। यहां पहुंचे फरियादियों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने फीता काटकर किया। यहां सभा को संबोधित करते हुए राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। सभी वर्गों के लोग भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार से संबंधित खाद्यान्न वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक नवल किशोर पंडित ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को टीबी मुक्त बनाना है जिसके चलते प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सक्षम व्यक्ति द्वारा निक्षय मित्र बन क्षय रोगी को गोद लेकर उसको एक पोषण किट देने का आव्हान किया है। साथ ही निक्षय मित्र बनने का निवेदन किया। कार्यक्रम में नगर कोतवाली प्रभारी बी एस बृजवाल, मेम्बर अजय कौशल, बजाज मेडिकल स्टोर के प्रबंधक सौरभ बजाज, जय मेडिकल स्टोर के प्रबंधक संजय जिन्दल सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने निक्षय मित्र बन निक्षय पोषण किट वितरित की। कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक आमजन को जानकारी दी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉक्टर अभिलाष पांडे, जीआईसी के प्रधानाचार्य रविंद्र पाठक, धर्मेंद्र चौबे, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धामी, मयंक नैनवाल, राजस्व उप निरीक्षक रामावतार, उज्जवल चौधरी, मुकेश सनवाल, अनिरुद्ध राय, बिशन दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।




## मंदिर समिति कार्यकर्ताओं को दिए प्रमाण पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वाल्मीकि समाज गांधी कालोनी शिव शक्ति मंदिर समिति की एक बैठक मंदिर परिसर मां आयोजित की गई। जिस में समाज एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें नव गठित समिति के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष मुकेश राजौरिया द्वारा समिति का प्रमाण पत्र दिया गया एवं मकर संक्रांत के पावन पर्व पर



प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, सुनील कुमार, महावीर सरकनिया, सचिन आजाद, भारत कुमार विशाल वैद, जोने चिडालिया, सचिन राजौरिया, वासु वेनवाल, रोहित, गोलू, सूरत कुमार सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने जाबिर अली पुत्र स्व0 जाफर अली निवासी ग्राम खजुरिया थाना बहेड़ी जिला बरेली को 15.20 ग्राम स्मैक तथा अभियुक्त साजिद अली पुत्र वाजिद अली निवासी ग्राम बलनगर थाना नवाबगंज जिला बहेड़ी उत्तर प्रदेश को 8.30 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ 8/21/60 एनडीपीएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी,कॉस्टेबल भारत भूषण, भवान सिंह मौजूद थे।



## छह पेटी अंग्रेजी शराब के साथ टेंपो चालक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक टेम्पो चालक को छः पेटी अंग्रेजी शराब अवैध रूप से ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मालिक, प्रभारी निरीक्षक की पुलिस टीम द्वारा मंगलपड़ाव चौकी क्षेत्र से एक संदिग्ध टेंपो चालक को मीरा मार्ग पर रोका। तलाशी लेने पर टेम्पो से 06 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की गई। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम पता अर्जुन टम्टा पुत्र हरीश चंद्र टम्टा निवासी गौलापार, काठगोदाम बताया। उसका कहना था कि वह शराब की तस्करी कर ऊंचे दामों पर बेचता है। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर टेम्पो सीज कर दिया और अर्जुन को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई प्रकाश पोखरियाल, चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव, एएसआई हीरा सिंह भंडारी, हे. कानि. इसरार नबी, अरूण राणा व कानि. संतोष बिष्ट शामिल थे।



## नशे के खिलाफ निकाली जनजागरूकता रैली

बाजपुर(उद संवाददाता)। ड्रग फ्री देवभूमि 'नशा मुक्त उत्तराखंड' अभियान के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के.के. पांडे द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन एंटी ड्रग्स सेल नोडल अधिकारी डॉक्टर दर्शना पंत द्वारा किया गया। महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव रानी नागल में पहुंचकर विभिन्न शिक्षकों द्वारा ग्राम वासियों को नारों और भाषणों के माध्यम से जागरूक किया, और कहा कि नशा प्रत्येक स्थिति में मनुष्य को गरीबी की गर्त में ले जाता है। इसलिए हर संभव प्रयास द्वारा इससे बचने की आवश्यकता है। इसी दृष्टि से उत्तराखंड सरकार नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान का सकुशल नेतृत्व कर रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में एन. सी सी .कैडेट्स, एन .एस. एस वॉलिंटियर्स एवं महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार सैनी, एन. सी.सी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. विकास रंजन, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. प्राची फर्त्याल, डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. ललित कुमार, डॉ. हितेंद्र शर्मा, डॉ. पूजा, डॉ. वंदना, डॉ. संगीता, डॉ. मेहनाज बानो एवं महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## धूमधाम से निकाली श्री राम शोभा यात्रा

खटीमा (उद संवाददाता)।श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रातः कालीन शोभायात्रा के दूसरे दिन सैकड़ों की संख्या में लोग रामलीला ग्राउंड से रेलवे स्टेशन रोड होते हुए शारदा विहार कॉलोनी पहुंचे। जहां वरिष्ठ समाज सेवी अचल शर्मा की आवास पर दूसरे दिन की प्रभात फेरी राम जी की भव्य शोभायात्रा का समापन आरती के साथ एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया। शोभायात्रा में जगह-जगह गली में उपस्थित महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह राम भक्तों ने जलपान की व्यवस्था कर यात्रा में शामिल लोगों का माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से रामेश चंद जोशी, अशोक बत्रा, संतोष अग्रवाल, मोहिनी पोखरिया, अनुपम शर्मा, सतीश गोयल, मनोज वाधवा, विश्वनाथ यादव, तारा ठाकुर, सुरेश पवार, लाल चौहान, अनुराग वर्मा, विजय गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, ठाकुर जितेंद्र सिंह, दीपेश तिवारी, राजीव बंसल, अमन गुप्ता, उमेश गोयल, मनोज बतरा, सुनील,राहुल सक्सेना, संतोष अग्रवाल, श्री राम अरोड़ा, रमेश जोशी, राहुल सक्सेना आदि उपस्थित थे।



# हरिद्वार से अयोध्या रवाना हुई संतों की कलश यात्रा

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हर की पौड़ी पहुंचकर किया संतों का स्वागत, हॉलिकाप्टर से की पुष्पवर्षा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हर की पौड़ी से अयोध्या के लिए संतों की कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान गंगा पूजन के समय हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है जिसमें पूरा देश राम मय हो गया है। यह यात्रा अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है जो कि गंगोत्री, यमुनोत्री समेत बागेश्वर की सरयू नदी का जल लेकर अयोध्या जाएगी। अपने अलग-अलग पड़ाव से होते हुए यह यात्रा 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। वहीं, संतों ने उनका पुष्पमाला से स्वागत किया।वहीं, इसके





बाद हरकी पैड़ी से अयोध्या के लिए संतों ने कलश यात्रा शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम भजन के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई। बता दें कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी के नेतृत्व में इस यात्रा में गंगोत्री, यमनोत्री, गंगा और बागेश्वर की सरयू नदी का जल एकत्र कर अयोध्या ले जाया जाएगा। अपने अलग अलग पड़ाव से होते हुए यह यात्रा 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा की यह एक ऐतिहासिक पल है जिससे पूरा देश राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि इस पल के लिए सैकड़ों साल इंतजार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है, जिसके लिए हमने वर्षों इंतजार किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों को रामोत्सव मनाने का सुअवसर प्रदान किया है। उन्होंने सभी से 22 जनवरी को दीप जलाकर भगवान राम का गुणगान कर दीपोत्सव मनाने की अपेक्षा करते हुये कहा कि हमने रामभक्तों की आस्था का ध्यान रखते हुए एक ओर जहां रेल मंत्री से वंदे भारत ट्रेन का संचालन देहरादून से अयोध्याजी के मध्य करने का आग्रह किया है, वहीं दूसरी ओर उड्डयन मंत्री से जोलीग्रांट से अयोध्याजी के मध्य हेली सेवा भी शुरू करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी और देहरादून से अयोध्या धाम के लिए बस का संचालन प्रारंभ किया गया हैं।

# राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में देशभर के वैज्ञानिक करेंगे विचार विमर्श

## सीएम ने किया बोधिसत्व विचार श्रृखंला 3.0 का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास सभागार में बोधिसत्व विचार श्रृखंला 3.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थित विभिन्न केंद्रीय संस्थानों तथा तकनीकी उपक्रमों के विचार मंथन से राज्यहित में इस श्रृखंला की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस अमृत काल में जहां 22 जनवरी को हम राम मंदिर के भव्य लोकार्पण के साक्षी बनेंगे वहीं, उत्तराखण्ड में 8-9 फरवरी को UCOST के माध्यम से 18वीं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में देशभर के वैज्ञानिक विचार विमर्श करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी संस्थानों को हल्द्वानी में आयोजित हो रहे विज्ञान सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रधानमंत्री जी ने आध्यात्म की पवित्र भूमि और 'स्प्रिच्युलिटि ईको जोन' की तरह विकसित करने का मंत्र दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री



श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सिलक्यारा मिशन की सफलता सभी संस्थानों के सहयोग से ही संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अल्मोड़ा में मानसखण्ड विज्ञान केन्द्र का लोकापर्ण होने वाला है। यह उत्तराखण्ड और पर्वतीय क्षेत्र के लिए भी बड़ी उपलब्धि होगी। कार्यक्रम में सी एस आई आर-आई आई पी, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, IIRS, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोग प्रयोगशाला केंद्र, DRDO समेत विभिन्न केंद्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री धामी से अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री विनय शंकर पाण्डेय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत द्वारा किया गया।

# गुलदारों के आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग को 24 घंटे अलर्ट रखा जाए



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में गुलदार द्वारा बच्चों पर आक्रमण करने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रमुख सचिव वन डॉ. आर.के. सुधांशु को इस तरह की घटनाओं को रोकने एवं इस संबंध में प्रभावी कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सचिवालय में बैठक लेते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएं और रात्रि गश्त को भी बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाने वाली राशि को 4 लाख से 6 लाख करने का प्रस्ताव जल्द लाया जाए। प्रदेश के वन्यजीव संघर्ष संभावित क्षेत्रों में वन विभाग को 24 घंटे अलर्ट रखा जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा उपस्थित थे।

# सरकारी विभागों ने लगाये स्टाल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।नगर पंचायत शक्तिंगढ़ में भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।संकल्प यात्रा



के अंतर्गत सोमवार को नगर पंचायत शक्तिगढ़ मे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सितारगंज ,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शहरी विकास विभाग से संबंधित स्टाल लगाए गए। जिसमें आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड ,रसोई गैस ,स्वास्थ्य चौकअप, महिला समूह का गठन, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोन एवं शौचालय के आवेदन लिए गए ।व्यक्तिगत शौचालय हेतु 10आवेदन, 10 हजार रुपए के एक लोन, व्यक्तिगत लोन दो लाख रुपए के अंतर्गत तीन आवेदन एवं एक महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। स्वास्थ सेवा की अंतर्गत 56 लोगों के चेकअप किया गया, एचपी गैस विभाग की तरफ से उज्ज्वला योजना में 12 आवेदन लिए गए तथा आयुष्मान कार्ड 43 लोगों के दर्ज किए गए। शिविर में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली, पूर्ति निरीक्षक के के बिष्ट, मेडिकल ऑफिसर सी एच सी सितारगंज पंकज जोशी, मनोज सरकार,देवेंद्र प्रसाद ,विकास पाठक, जीवन सिंह ,दीपा मंडल, पूजा राय, भगीरथ लाल ,प्रमोद कुमार, कार्तिक राय ,सुनील विश्वास ,गोविंद पोखरिया, रविंद्र अग्रवाल , विधान मजूमदार, विक्की मंडल, शुभम गर्ग, उत्तम दास, अंकित दास, विपुल कुमार, अनिल बसेड़ा,संजय सिंह, मुकुल पोद्दार, गोविंद ,परेश मण्डल आदि मौजूद थे।

# 'पीएम जनमन योजना' लाभार्थियों से प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअल संवाद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामनगर ब्लाक सभागार मे 'पीएम जनमन योजना' के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बात करते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना जनजाति लोगों के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को सशक्त बनाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। इस अवसर पर उन्होंने 90 प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से रामनगर के पात्र लोगों के खातों में ट्रांसफर की। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत सभी जनजाति लोगों को पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव तक सड़क, बिजली, अच्छी शिक्षा, टेलीकाम कनेक्टिविटी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। प्रमानमंत्री जनमन योजना के तहत शादी अनुदान के तहत 50-50 हजार की धनराशि दी गई। सहकारिता विभाग द्वारा 8 लोगों को स्वरोजगार के लिए 11 लाख 30 हजार की धनराशि के चौक वितरित




रामनगर के जनजाति समुदाय हेतु 90 पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास के साथ ही 10 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 10 लोगों को किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 983 वृद्धावस्था पेंशन, 378 विधवा पेंशन, 71 दिव्यांग पेंशन, कृषि विभाग द्वारा 36 किसान पेंशन श्रम विभाग द्वारा 06 पुत्री विवाह के आवेदन भी भरवाए गए।



# मारवाड़ी समाज जन कल्याण समिति ने रजाईयां बांटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मारवाड़ी समाज जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने जरूरतमंदों को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए रजाई का वितरण किया। गल्ला मंडी, खेड़ा, सिब्बल सिनेमा, रोडवेज, मेन मार्केट और झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले और कूड़ा बीनने वाले लोगों को रजाईयों का वितरण करने के दौरान एस एम बोहरा, राधेश्याम,राज पुरोहित, नरेंद्र



जैन, डॉ.उषा नरेंद्र जैन,पारस जैन, विनोद डागा, प्रदीप जैन,अरुण बेद, सीए अभिषेक पारीक,मुकेश सिहाग, अशोक जोशी आदि शामिल थे।

# हर गरीब एवं वंचित का दुख दर्द समझते हैं प्रधानमंत्री मोदीः भट्ट

## जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड बाजपुर में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित







बाजपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद किया गया। संवाद कार्यक्रम के अवसर पर विकासखंड बाजपुर में बहुउद्देशीय शिविर का भी आयोजन किया गया। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के मुख्य अतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों ने लाइव सुना।प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर किया था। यह अभियान 15 राज्यों के 100 जिलों में बेहद कमजोर आदिवासी समुदायों के विकास से संबंधित है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लिए जनमन जैसे महाअभियान के माध्यम से उनके जीवन को सुलभ करने की पहल के साथ ही प्रधानमंत्री ने इतिहास लिख दिया। उन्होंने कहा कि देश के हर गरीब एवं वंचित वर्ग के दुख दर्द समझने वाले प्रधानमंत्री आज हमारे पास हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से जनजातीय लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनका जीवन स्तर में क्रांतिकारी बदलाव आयेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत से जनजातीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए लगातार सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है साथ ही मोबाइल टावरों को लगाकर हमारे जनजातीय समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने का काम आज देश में हो रहा है ।गदरपुर विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री का संदेश है सभी अनुसूचित जनजाति के लिए कि कभी भी यदि मुश्किल आती है तो मोदी उनके साथ खड़े रहेंगे। बुक्सा जनजाति के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी इस अभियान के तहत चलाए जाएंगे।इस अवसर पर आयोजित बहुउद्देशीय के माध्यम से लोगों ने विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभ लिया। चिकित्सा विभाग द्वारा लोगों को निशुल्क दवाएं दी गई साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। उज्जवला योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। बाल विकास विभाग द्वारा 10 मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, 10 अन्न प्रासन किट व 10 गोद भराई किट दिये गये। सहकारिता विभाग की पंडित दीन दयाल किसान कल्याण योजनान्तर्गत जीरो प्रतिशत ब्याज पर दो लाभार्थियों को पशुपालन हेतु एक-एक लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए। लोगों को आयुष्मान एवं आधार कार्ड भी बनाए गए साथ ही विद्युत संयोजन भी दिए गए।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजकुमार, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, भारत सरकार में अनुसूचित जनजाति मंत्रालय में डायरेक्टर समीरा सिंह, उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, जिला समाजकल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन समेत अन्य अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि तथाआमजनमानस उपस्थित रहे।







# शिव शक्ति मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं को दिए प्रमाण पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वाल्मीकि समाज गांधी कालोनी शिव शक्ति मंदिर समिति की एक बैठक मंदिर परिसर मां आयोजित की गई। जिस में समाज एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें नव गठित समिति के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष मुकेश



राजौरिया द्वारा समिति का प्रमाण पत्र दिया गया एवं मकर संक्रांत के पावन पर्व पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, सुनील कुमार, महावीर सरकनिया, सचिन आजाद, भारत कुमार विशाल वैद, जोने चिडालिया, सचिन राजौरिया, वासु वेनवाल, रोहित, गोलू, सूरत कुमार सहित समाज के कई लोग रहे।

# कमिश्नर के निरीक्षण के बाद शौचालय में लगा दिया ताला

## व्यवस्थाएं सुधारने के बजाय सुविधा ही कर दी बंद, जिला चिकित्सालय प्रबंधन असली चेहरा आया सामने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत द्वारा विगत दिवस जवाहरलाल नेहरू राजकीय जिला चिकित्सालय के किये गये औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर में वाहन स्टैंड के समीप स्थित शौचालय में व्याप्त गंदगी पर चिकित्सालय प्रबंधन को लगाई गई फटकार के बाद जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने शौचायल की सफाई व्यवस्था को स्थाई रूप से सुधारने के स्थान पर इसे आम जनता के लिए इस सुविधा को बंद कर इसके मुख्य गेट पर ताला ही जड़ दिया। साथ ही शासन प्रशासन व विभागीय उच्चाधिकारियों के समक्ष यह भी दर्शा दिया कि भले ही चिकित्सालय को बेहतर व्यवस्थाओं के लिए प्रदेश सरकार से 20 लाख रूपये का पुरस्कार मिल चुका है परंतु वास्तव में यहां की वास्तविक




व्यवस्थाएं कैसी हैं इस पर पर्दा डालना भी जरूरी है। गौरतलब है कि विगत दिवस कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया था। जिस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के कई विभागों का निरीक्षण करने के साथ ही साथ वाहन स्टैंड के पास स्थित शौचालय का भी निरीक्षण किया था। जहां गंदगी पाये जाने पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारी को तत्काल शौचालय की सफाई करवाने के सख्त निर्देश दिये थे। हांलाकि आयुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए उक्त शौचालय की सफाई तो करवा दी गई। परंतु भविष्य में यहां गंदगी न हो और प्रशासनिक अधिकारियों की डांट न सुननी पड़े इसका भी पक्का इंतजाम करते हुए शौचालय में ताला ही जड़ दिया।

# पर्यावरण मित्रों ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ नगर इकाई द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के समाधान कराने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में विनियमतीकरण से वंचित दो पर्यावरण



मित्रों को विनियमतीकरण करने, आउटसोर्स के माध्यम से कार्य कर रहे पर्यावरण मित्रों को मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार 500 रुपए प्रतिदिन मानदेय भुगतान करने, सविदा (नियत वेतन) में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार महंगाई भत्ता व हरिद्वार नगर निगम की तर्ज पर 12 छुट्टी साल की प्रदान करने का आदेश दिए जाने की मांग करते हुए कहा गया है कि 3 मार्च 2021 के माध्यम से प्रदेश के समस्त पर्यावरण मित्रों की समस्याओं के निराकरण हेतु सात दिवसीय हस्ताल के पश्चात समिति गठित किये जाने पर भी अभी तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। सरकार द्वारा समस्त समस्याओं के निस्तारण हेतु एक समझौता कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया था। जुलाई 2021 में संघ एवं प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि तथा अधिकारियों के मध्य बैठक कर एक समिति का गठन किया गया। जिसमें समिति की रिपोर्ट आने के पश्चात संघ की समस्त मागो का निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया गया। जबकि अभी तक उक्त समिति की रिपोर्ट के विषय में न ही संघ को कोई जानकारी प्रदान की गयी है और न मांगों का निस्तारण किया गया। यदि समय रहते मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो पर्यावरण मित्रों को विवश होकर अन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश शासन की होगी। इस संदर्भ में एक ज्ञापन नगर आयुक्त को भी दिया गया। ज्ञापन देने वालों में शाखा अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, महामंत्री सुनील मुल्तानी सहित राजू पहलवान, लक्ष्मण सिंह चौहान, रंजीत चरन, मनोज कुमार,राजीव खेरालिया, जियालाल, रघुवीर, संदीप आजाद, सूरज आजाद, सुनील कुमार, राजपाल, मुकेश भगत, अजय, विक्की, अनिल, रंजीत, रिंकू, सुरेंद्र सिंह, अंकित व राहुल राजौरिया आदि मौजूद थे।

# प्रभावित व्यापारियों ने आधा दिन प्रतिष्ठान बंद कर किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति द्वारा आज दोपहर एक बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद कर कर्मचारियों के साथ महिला चिकित्सालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। रोषित व्यापारियों ने जिला प्रसाशन की नीति का विरोध करते हुए कहा कि एक तरफ शहर के सौंदर्यीकरण की बात होती है दूसरी ओर व्यापारियों को उजाड़ने का फरमान सुनाया जाता है। जबकि व्यापारी समाज ही देश की प्रगति का प्रमुख अंग है। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला एवं नगर के पदाधिकारी, देवभूमि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी किरन जोशी, कुसुम जोशी, सतविंदर सिंह अरोड़ा, विकास धीगड़ा, मो. अनीस, राजू जोशी, अशोक कुमार, बलबीर सिंह, बलविंदर सिंह, संजय कुमार, इंदरजीत सिंह, बसन्त बाबा, गौरव गुप्ता, सागर अग्रवाल सहित पीड़ित व्यापारी उपस्थित रहे। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा द्वारा व्यापारियों को इन पीड़ित व्यापारियों के लिए समर्थन की अपील की गई। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई केवल पीड़ित व्यापारियों की नहीं है। अभी जिला प्रशासन प्रथम चरण कह रहा है आगे न जाने किन किन व्यापारी की बारी होगी। इस लिए इन व्यापारियों को सहयोग करके प्रशासन को बता दें कि ये 65 व्यापारी अकेले नहीं है इनके साथ हल्द्वानी का पूरा व्यापारी साथ है। आज व्यापारियों द्वारा बाजार में जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना सहित प्रभावित व्यापारी रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और मालदीव के रिश्ते

आखिरकार मालदीव सरकार ने भारतीय सैनिकों की वापसी का दिन तय कर दिया है। हालांकि नवंबर में पदभार संभालने के साथ ही राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की थी। इस संबंध में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा था। मगर चीन यात्रा से वापस लौटते ही मुइज्जू ने बड़े तीखे अंदाज में कह दिया कि भारत अगले दो महीनों के भीतर अपने सैनिक वापस बुला ले। इसे लेकर दोनों देशों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई और आम सहमति भी बन गई बताया जा रहा है। मगर अभी यह तय नहीं हो सका है कि जिस काम के लिए भारतीय सैनिक वहां तैनात किए गए थे, वह काम कैसे संचालित होगा।गौरतलब है कि फिलहाल वहां अट्ठासी भारतीय सैनिक तैनात हैं, जो भारत द्वारा मालदीव को उपहार में दिए समुद्री गश्ती विमानों और दो हेलीकाप्टरों का संचालन करते हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवाएं और मालदीव के सैनिकों को युद्धक विमान आदि उड़ाने का प्रशिक्षण देते हैं। इस फैसले से भारत को कम, मालदीव को अधिक नुकसान होने वाला है। मगर वर्तमान राष्ट्रपति मुइज्जू का झुकाव चीन की तरफ है और उन्हें भरोसा है कि उनकी आर्थिक जरूरतें चीन से पूरी हो जाएंगी। चीन दौरे के वक्त उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण समझौते भी किए हैं। मालदीव से भारत का बहुत पुराना संबंध है। हर मुश्किल के वक्त भारत ने उसका साथ दिया है। इसलिए मुइज्जू से पहले वहां के सभी शासक भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखते रहे हैं। मगर मुइज्जू की पार्टी पिछले चुनाव में भारत को मालदीव से बाहर निकालने के नारे के साथ मैदान में उतरी थी। उसे कामयाबी मिली और मुइज्जू राष्ट्रपति बने तो उन्होंने दावा किया कि उनके भारत को बाहर निकालने के वादे को जनमत ने स्वीकार किया है, इसलिए उससे मुक्ति पाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले दिनों जब मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप यात्रा के समय अपमानजनक टिप्पणियां कीं, तब दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ गई। हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया, पर वह खलिश शायद बनी हुई थी। भारतीय सैनिकों के वहां से वापस लौटने के बाद भारत को सामरिक सुरक्षा के मामले में कुछ चुनौतियां जरूर पेश आ सकती हैं। मालदीव चूंकि भौगोलिक रूप से भारत के बहुत नजदीक है और वहां भारत का रडार होने से उस क्षेत्र में निगरानी रखना आसान था। अब भारत को इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी। मगर भारत से टकराव मोल लेकर होने वाले नुकसान की भरपाई मालदीव कैसे कर पाएगा, कहना मुश्किल है। मालदीव में अब भी बहुत सारे लोग राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत-विरोधी नीति के खिलाफ हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपति बनने से पहले वे जिस माले के मेयर थे, उस सीट पर हुए चुनाव में लोगों ने उनकी पार्टी के प्रत्याशी को हरा दिया और भारत समर्थक मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार को मेयर चुना है। फिर, मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है, जिस तरह श्रीलंका की टिकी है। मालदीव जाने वाले सैलानियों में सबसे अधिक संख्या भारत के लोगों की होती है। श्रीलंका ने चीन का दामन थाम कर नतीजा देख लिया है। मगर मालदीव ने उससे सबक नहीं लिया। चीन कहीं उसका हाल भी श्रीलंका जैसा न कर दे। चीन से दोस्ती करके भारत के अलावा अमेरिका, फ्रांस आदि देशों से भी उसने दुश्मनी मोल ले ली है।

## थल सेना दिवस विशेष

देश का सम्मान और गौरव का दिवस
15 जनवरी... है आज सेना दिवस
देश के वीरों का दिवस है सेना दिवस,
न थके कहीं, न रुके कहीं,
अदमय साहस का प्रमाण है सेना
सरहद की रक्षा हमारी सेना,
चाहे रेगिस्तान सी तपती धूप हो,
चाहे हो सियाचिन की बर्फीली सरहद,
मूसलाधार वर्षा से
चाहे भीग जाये सरजमीन
हमारे देश के वीर
जवान कर्म पर अपने डटे रहे
घर परिवार से मीलों दूर,
चाह नहीं कोई उत्सव और त्यौहार की
बस सेवा और रक्षा देश के सम्मान की,
निभाया जिसने जल, थल और नभ की
रक्षा का दायित्व,
देश की रक्षा को बनाया
जिसने सच्चा साधत्व,
राखी, होली और दीपावली कर दी
जिसने न्योछावर,
हमारी देश की सेना को
सेना दिवस पर दिल से सलाम,
गर जो आप नहीं, तो हम नहीं
सरहद पर बन कर प्रहरी
देश की रक्षा में
तत्पर रहती सेना
ऐसे वीर जवानो की टोली को
दिल से शुक्रिया.....

**-निकेता पाहुजा, रुद्रपुर**

# वैद्य प्रदीप भंडारी को आईजी केवल खुराना सहित कई संगठनों ने किया सम्मानित

रामनगर(उद संवाददाता)। चिकित्सा क्षेत्र में नई क्रांति ला रहे मशहूर वैद्य प्रदीप भंडारी को पुलिस महानिरीक्षक/कमाण्डेंड जनरल होमगार्डस केवल खुराना ने पवलगढ़ स्थित गौ मूत्र क्रांति संस्थान में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया। इस अवसर पर योग संस्था के साथ ही और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में उन्हें देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने 'उत्तराखण्ड गौरव' सम्मान से सम्मानित किया था। जबकि दिसम्बर 2023 में उन्हें इंडिया न्यूज की ओर से सुषेन वैद्य की कर्मियों और होमगार्डस के जवानों को भी दिलाया जायेगा। जल्द ही पुलिस कर्मियों को वैद्य प्रदीप भंडारी के अनुभव का लाभ दिलाने के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिसमें वैद्य प्रदीप भंडारी पुलिस कर्मियों और होमगार्डस के जवानों को स्वस्थ रहने के टिप्स देंगे। इस मौके पर वैद्य प्रदीप भंडारी को उनके सराहनीय संस्थान का अब तक का सफर बेहद संघर्ष भरा रहा है। संस्थान जल्द ही नये आश्रम में स्थानांतरित होगा और गौ मूत्र क्रांति अभियान का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान गरीब जरूरतमंदों के साथ ही बच्चों का ईलाज नि:शुल्क कर रहा है। संस्थान ने कई





कई अन्य संगठनों और ग्रामीणों ने वैद्य प्रदीप भंडारी को सम्मानित किया। बता दें वैद्य प्रदीप भंडारी बीते करीब एक दशक से गौ मूत्र क्रांति अभियान चला रहे हैं। उन्होंने गौ मूत्र एवं जड़ी बूटियों पर कई वर्षों तक शोध के बाद नई चिकित्सा पद्धति का ईजाद किया और जिसके जरिये कैंसर जैसी घातक बिमारी से भी लोगों को निजात मिल रही है। अब तक हजारों लोग वैद्य प्रदीप भंडारी की चिकित्सा पद्धति का लाभ उठाकर नया जीवन पा चुके हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे इन्हीं उत्कृष्ट कार्यों के चलते वैद्य प्रदीप भंडारी को अब तक कई सामाजिक संस्थाओं, राजनैतिक हस्तियों उपाधि देकर सम्मानित किया गया। इसी माह 2 जनवरी को राज्य मंत्री देवेन्द्र भसीन ने वैद्य प्रदीप भंडारी को 'चरक सनातनी अवार्ड' से नवाजा था। इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने वैद्य प्रदीप भंडारी को हल्द्वानी में 'कुमांऊ गौरव सम्मान' से भी सम्मानित किया था। वैद्य प्रदीप भंडारी की चिकित्सा पद्धति से प्रभावित होकर अब आईजी केवल खुराना ने भी पवलगढ़ पहुंचकर वैद्य प्रदीप भंडारी को सम्मानित किया है। इस मौके पर आइजी केवल खुराना ने कहा कि वैद्य प्रदीप भंडारी ने चिकित्सा के क्षेत्र में नई क्रांति लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वैद्य प्रदीप भंडारी के अनुभवों का लाभ पुलिस कार्यों के लिए कई संगठनों ने भी सम्मानित किया। पवलगढ़वासियों ने वैद्य प्रदीप भंडारी को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। जबकि योग संस्था के पदाधिकारियों ने भी वैद्य प्रदीप भंडारी को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। हल्द्वानी के एआरटीओ प्रशासन विमल पाण्डे एवं प्राचार्य डाईट गीतिा पाण्डे ने भी वैद्य प्रदीप भंडारी को मंच पर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर गौ मूत्र क्रांति अभियान का लाभ प्राप्त करने वाले कई लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किये। इस मौके पर वैद्य प्रदीप भंडारी ने कहा कि गौ मूत्र क्रांति जरूरतमंदों को गोद भी लिया है। सेवा का यह काम मिलजुलकर आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने गौ मूत्र क्रांति अभियान से जुड़कर इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिए सभी से सहयोग का आहवान भी किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर एस के कोटिया, दिलीप शर्मा, अभिषेक सक्सेना, बाके बिहारी, पूरन छिमवाल, दीवान सिंह, दीपक छिमवाल, मोहन चन्द्र भट्ट, ममता सलूजा, दीपा, योगाचार्य कमल पटवाल, नंदन सिंह रावत, सरदार सिंह, विकास गाबा, पूनम गुप्ता आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# डीएम के आदेशों की उड़ी धज्जियां, प्री बोर्ड टेस्ट के नाम पर खुला रहा स्कूल

काशीपुर(उद संवाददाता)। ठंड के अत्यधिक प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी उदय राज सिंह के द्वारा 15 एवं 16 जनवरी को किए गए दो दिवसीय अवकाश की यहां तारावती सरोजनी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने धज्जियां उड़ा दी। घने कोहरे तथा कड़ाके की ठंड में अलीगंज रोड स्थित इस विद्यालय में हाई स्कूल तथा इंटर की छात्राओं को प्री बोर्ड टेस्ट के नाम पर बुलाया गया। हालांकि अन्य कक्षाओं में पढ़ने वाली छात्राओं का अवकाश रहा लेकिन कक्षा 10 तथा कक्षा 12 की तमाम छात्राएं सुबह 10:00 बजे से पूर्व कड़कड़ाती ठंड में विद्यालय पहुंच गई।



जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने ठंड के तेवर तल्ख देखते हुए 15 जनवरी एवं 16 जनवरी को पूरे उधम सिंह नगर जिले के सरकारी अर्ध सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 12वीं तक के बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया है। ऐसे में विद्यालय का प्री बोर्ड टेस्ट के नाम पर खुलना डीएम के आदेशों पर सवाल खड़ा करता है।

# धूमधाम से निकली श्री शनि देव महाराज की शोभा यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर के ग्यारहवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले नवग्रह पूजन, हवन एवं विशाल भंडारे के उपरांत पावन शनि भजन संध्या का आयोजन मां गौरी जागरण मंडल समिति के द्वारा किया गया। सोमवार को शनि देव महाराज की आयोजित की गई शोभा यात्रा सकैनिया मोड स्थित सती मठ मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए दिनेशपुर मोड तक संपन्न हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षितिज सुखीजा रहे। शोभा यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु ढोल नगाड़ों पर भजन कीर्तन करते हुए शामिल रहे।



# देवभूमि आईकॉन अवॉर्ड में जानी मानी हस्तियों का किया गया सम्मान

## नेपाल के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

ग्रेटर नोएडा(उद ब्यूरो)। देवभूमि आइकॉन अवार्ड-2024 का आयोजन किया गया जिसमें समाज मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली जानी मानी हस्तियों को सम्मानित किया गया। मशहूर फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर व अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य प्रकाश जी टाटा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में नेपाल के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।होटल अंसल में आयोजित देवभूमि आइकॉन अवार्ड 2024 का मशहूर फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर ,अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य प्रकाश जी टाटा, फिल्म अभिनेता वरुण सूरी, अभिनेत्री दिव्या मलिक, प्रोड्यूसर ऋचा गुप्ता आयोजक प्रदीप फुटेला, विष्णु क्षेत्री, टीवी एक्ट्रेस निधि सिंह, मॉडल सलोनी जोशी,परवीन खान, काजल कौशल, मोनिका कांडपाल, गुलमेली जमुना,नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार राज लुइटेल, सोनित राज ढुंगल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अवार्ड समारोह में शिक्षा, खेल, समाजसेवा, मीडिया, मॉडलिंग, स्वास्थ्य, के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को अवॉर्ड प्रशस्ति पत्र , आचार्य प्रशांत द्वारा लिखित पुस्तक संघर्ष अपने विरुद्ध व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लेखक उत्कर्ष शुक्ला द्वारा लिखी गयी पुस्तक उत्कर्ष की कलम से का विमोचन भी किया गया। सभी अतिथियों को प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत द्वारा लिखित पुस्तक संघर्ष अपने विरुद्ध भी भेंट की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन जानी मानी टीवी एक्ट्रेस उपमा दुआ ने किया. .आपको बतादें कि कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप फुटेला ने हुनर को मंच दिया..जिन्होने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम के जरिए अपना मुकाम बनाया..उन्हे सम्मान से नवाजा गया।







# प्रशासन ने अवैध निर्माण रूकवाया ,कालोनी सील

किच्छा( उद संवाददाता)।नगर के हल्द्वानी मार्ग पर काली मंदिर के निकट अवैध कॉलोनी निर्माण किए जाने की शिकायत पर प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया और कालोनी को सील कर दिया है। कॉलोनी काट रहे कालोनाइजर के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने की तहरीर विकास प्राधिकरण के एक्शन रमेश जोशी द्वारा किच्छा कोतवाली मे दी गई है। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक राजेंद्र पंत को सौंपी गई है। अवैध कालोनी को सील करने के दौरान प्रशासन एवम विकास प्राधिकरण की टीम ने कॉलोनी में चक रोड एवं गूल की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुराने दस्तावेजों के आधार पर पैमाइश का कार्य शुरू कर दिया। प्रशासन की कार्यवाही से कॉलोनाइजर में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में प्राधिकरण एवं तहसील प्रशासन की टीम नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के निकट कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण



स्थल पहुंची। टीम ने पुराने नक्शे एवं दस्तावेज के आधार पर पैमाइश का कार्य शुरू कर दिया। एसडीम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि काटी जा रही कॉलोनी में चक रोड, वर्ग 4, गुल एवं नाले की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में अवैध कब्जा कर शामिल की गई करीब 4300 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को चिन्हित कर लिया गया है तथा अन्य कब्जाई गई भूमि को चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिना नक्शा पास कराए कॉलोनी में प्लाटिंग की जा रही थी, जिस पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। एसडीएम मिश्रा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा पूर्व में कॉलोनाइजर को नोटिस जारी किया गया था लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि कालोनाइजर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, चकबंदी सीओ संजय आर्य, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सहित विकास प्राधिकरण, चकबंदी विभाग एवं तहसील प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। गौर तलब है कि शिकायत कर्ता हिमांशु पांडे ने इस संबंध में विभिन्न दस्ता वेजों के माध्यम से कॉलोनाइजर के खिलाफ शिकायत की थी।पूर्व में भी प्रशासन द्वारा कोलिनी सील की गई थी किंतु किसी भी निस्तारण के पूर्व ही कालोनाइजर ने कॉलोनी में साफ सफाई एवम निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। पुलिस भी प्रकरण में जांच कर रही है।

# उत्तराखंड को विशेष राज्य का दर्जा वापस मिले : कुंजवाल

बागेश्वर( उद संवाददाता)। बागेश्वर में आयोजित उत्तरायणी मेले में भगवान बागनाथ की पवित्र धरती पर सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक एवं विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल व पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा, बसंत कुमार आर्य सहित अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया। राजनीतिक मंच से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह सभा उत्तराखंड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा वापस दिलाने, राज्य के लिए ग्रीन बोनस की मांग करने, बागेश्वर-टनकपुर



रेल लाइन बनवाने के साथ-साथ महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों पर लगाम लगाने व कमजोर, दलित, मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ एकजुट होने के लिए बुलाई गई थी। तथा इस सभा में अंकिता भंडारी हत्याकांड के वीआइपी का नाम उजागर करने, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने व गांवों से हो रहे पलायन को रोकने तथा जंगली जानवरों से फसल की रक्षा कराने का संकल्प लिया गया।

# एमेनिटी क्रिकेट अकैडमी बनी जिला क्रिकेट लीग की चैंम्पियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच का उद्घाटन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष श्री अजय तिवारी जी द्वारा किया गया ।फाइनल मैच एमिनिटी मदन लाल क्रिकेट अकादमी रुद्रपुर और किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी काशीपुर के मध्य एमिनिटी क्रिकेट ग्राउंड रुद्रपुर मे खेला गया। एममिनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी के कप्तान पीयूष राज पांडे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मौसम खराब होने की वजह से 50 ओवरों की जगह या मैच 30 ओवरों का खेला गया। जिसमें एमिनिटी अकादमी ने 30 ओवरों में पांच विकेट खोकर 229 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। एमिनिटी की तरफ से अभिनव शर्मा ने 57 , क्षितिज सिंह ने 35 और मोहम्मद सलमान अली ने 30 रनों का योगदान दिया। सबसे आतिशी बल्लेबाजी अभिमन्यु सिंह ने 70 गेंद में 5 छक्के और 9 चौको की सहायता से 96 रन बनाएं। किंग्सफोर्ड की तरफ से नीतीश जोशी ने हैट्रिक के साथ तीन और प्रतीक नारंग ने एक




विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्सफोर्ड क्रिकेट एकेडमी 30 ओवरों में 6 विकेट पर 191 रन ही बना सकी घ। जिसमें आदित्य सरना ने 76 ,संजय सिंह ने 42, और सार्थक अग्रवाल ने 22 रनों का योगदान दिया। एमिनिटी तरफ से प्रत्यूष राज पांडे ने 2 मृत्युंजय पांडे ,शशांक पन्त और सलमान अली, काव्य जोशी ने एक-एक विकेट लिया। यह मैच एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी ने 38 रनों से जीतकर सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता की चौंपियन बनी। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच अभिमन्यु सिंह को दिया गया। इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अभिमन्यु सिंह रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज प्रतीक नारंग रहे । टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्रतीक नारंग किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकैडमी काशीपुर के रहे । फाइनल मैच के अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और राजेंद्र कुमार ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेकदीप सिंह और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी जी द्वारा विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के एमडी सुभाष अरोड़ा द्वारा बेस्ट बल्लेबाज को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि मानिक अरोड़ा के द्वारा टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बलवंत सिंह ,नूर आलम, इंद्र नीलकर ,गौरव तिवारी, आफताब आलम,विशाल, अमित ,सुनील यादव रंणशेर सिंह ,राजन तोमर, किंग्स फोर्ड क्रिकेट अकादमी के एमडी विनीत सिंगल, गौरव शर्मा दीपक और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया है कि इस जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता से जिला उधम सिंह नगर के सीनियर वर्ग की क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेगी।

# जोत सिंह बिष्ट सहित सैकड़ों लोगों को दिलवाई भाजपा की सदस्यता

देहरादून( उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी सदस्यता अभियान के तहत सोमवार को डबल इंजन सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी तथा अन्य दलों के प्रदेश एवम जिला स्तरीय नेताओं एवं लगभग 700 कार्यकर्ताओ को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के



साथ भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जोत सिंह बिष्ट , आरपी रतूड़ी , एडवोकेट हिम्मत सिंह बिष्ट , एडवोकेट राजेंद्र सिंह बिष्ट , हेम आर्य, चंद्रशेखर पांडे , श्रीमती कमलेश, श्रीमती नीमा आर्य बलवंत पवार,रतन मीणा भट्ट सुमन सिंह गोसाई तथा गंभीर सिंह नेगी के नेतृत्व में सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नीरू देवी ,प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश सदस्यता अभियान के संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट में...**से इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर एएसआई सर्वे की मांग की थी। याचिका में दावा किया गया था कि भगवान श्री कृष्ण का जन्मस्थान मस्जिद के नीचे है और वहां कई संकेत हैं जो स्थापित करते हैं कि मस्जिद एक हिंदू मंदिर था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया था कि याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट के समक्ष यह प्रस्तुत किया गया था कि वहां एक कमल के आकार का स्तंभ मौजूद है जो हिंदू मंदिरों की विशेषता है। इसके अलावा वहां 'शेषनाग' की एक छवि भी मौजूद है,जो हिंदू देवताओं में से एक हैं। उन्होंने जन्म वाली रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी। अदालत में यह भी प्रस्तुत किया गया कि मस्जिद के स्तंभों के निचले भाग पर हिंदू धार्मिक प्रतीक और नक्काशी है। आवेदक ने कोर्ट से अनुरोध किया था कि कुछ निधरित समय अवधि के भीतर शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वेक्षण करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए विशिष्ट निर्देशों के साथ कमीशन की नियुक्ति की जा सकती है।

**कार खाई में गिरने से ...**के लिए रवाना हुए। रेस्क्यू टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए कार में सवार 3 लोगों को रेस्क्यू कर मुख्य मार्ग तक पहुँचाया तथा प्राथमिक उपचार के उपरांत एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया।कार सवार 3 लोग दिल्ली से पौड़ी एक शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। घायलों की पहचान विनोद शर्मा पुत्र शांति लाल, निवासी-रामपानी, जिला- गाजियाबाद, दीवान सिंह रावत पुत्र पतम सिंह, निवासी-तरला एडा, पौड़ी और अवतार सिंह रावत पुत्र कृपाल सिंह, निवासी- पौड़ी के रूप में हुई है। रेस्क्यू टीम में महावीर सिंह, मुकेश रावत, रमेश रावत,पेरामेडिक्स अनूप रावत, उपनल चालक मनदीप बर्थवाल आदि शामिल थे।

**चीला हादसे में ..**सेमवाल व अश्विन बीजू सवार थे। चीला विद्युत गृह से कुछ आगे अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था और बाद में चीला शक्ति नहर के पैराफिट से जा टकराया था। पेड़ से टकराने के दौरान कुछ लोग छिटक कर खाई में जा गिरे। वहीं वाहन में सवार वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी नहर में गिर गई थी। दुर्घटना में शैलेश घिल्डियाल (रेंज अधिकारी), प्रमोद ध्यानी (डिप्टी रेंजर), सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं बीते सप्ताह बृहस्पतिवार को एसडीआरएफ ने चीला नहर से वार्डन आलोकी का शव भी बरामद कर लिया था। घटना में घायल हिमांशु गोसाई, राकेश नौटियाल, अंकुश, अमित सेमवाल,अश्विन बिजू को उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। हिमांशु गोसाई, अमित सेमवाल व अश्विन बीजू को कुछ दिन पहले एम्स से छुट्टी दे दी गई थी। जबकि डॉ. राकेश और कंपनी के कर्मी अंकुश का अभी उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान कंपनी के कर्मी अंकुश की भी मौत हो गयी है। घटना में मृतकों की संख्या अब छह हो गई है।

**दबंगों के खिलाफ...**अरोरा, गगनदीप कालरा, अमित कक्कड, सुखविंदर सिंह, इन्द्रजीत सिंह, राहुल बाँगा, नरेश सागर, अमन अरोरा, संदीप कुमार यादव, आशुतोष सचदेवा, भूषण बाठला, भुवन रेखाडी, जय प्रकाश गुप्ता, जीडी देवारी, जगदीश बाठला, सिमर जीत कौर, हरीश चावला, साहिल अरोरा, नरेश अरोरा, जगजीत सिंह, अनुज चौधरी, राकेश दुआ, सिद्धांत त्यागी, अभिषेक गुप्ता, संदीप अरोरा, इन्देश शर्मा, शीना आदि थे।

**बाइकों की...**घायल युवकों की पहचान राकेश विश्वास पुत्र रमेश बिश्वास निवासी शक्तिफार्म नम्बर 2 गुरुग्राम, बिश्वजीत बिश्वास पुत्र सुजीत विश्वास एवं गोपी सरकार पुत्र प्रशांत सरकार निवासी बैकुंठपुर पुर नम्बर 6 के रूप में हुई है। तीनों घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**एक और किशोरी...**की धमकी दी। पुत्री जब उसके चंगुल से छूटकर घर वापस लौटी तो उसने सारी बात बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अंजान युवक...** यहां पर दोनों ने ड्रिंक ली। कुछ देर बाद उसने युवक से कुछ सामान मंगाने के लिए भेजा और उसे स्कूटी दे दी और फरार हो गया। उसका कहना है कि स्कूटी में उसका मोबाइल भी रखा हुआ था। पीड़ित ने पुलिस से स्कूटी और मोबाइल बरामद करने की गुहार लगाई है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 17 जनवरी को

गदरपुर( उद संवादाता)। लोहड़ी, मकर सक्रांति एवं उत्तरायण पर्व के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन गदरपुर के आवास विकास के ग्रोवर बारात घर में 17 जनवरी को सायं 5बजे किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक जयंत शाह ने बताया कि 17 जनवरी को आयोजित किए जा रहे विशाल कवि सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री अजय भट्ट, विधायक अरविंद पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे । उन्होंने सभी सम्मानित क्षेत्रीय जनता से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है ।

# भारत मुक्ति मोर्चा ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर अप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया।जिला संयोजक रिंकू बाबा के साथ देवी दयाल, अमित कुमार व ओम प्रकाश ने सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विभिन्न मांगों को लेकर पहले चरण में देश के सभी जनपदों में ज्ञापन दिया गया था। दूसरे



व तीसरे चरण में सभी जिलों के जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। 31 जनवरी को केन्द्रीय चुनाव आयोग कार्यालय, नई दिल्ली पर रैली निकाली जाएगी। भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा ईवीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के तहत ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर चलाओं, और लोकतंत्र बच्चाओ अभियान के अंतर्गत भारत के सभी जिलों में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# घर-घर प्रभु श्री राम नाम की अलख जगा रहे भाजपा नेता चुघ





## लोगों को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का कैलेंडर के साथ दिए, बाती, सरसों का तेल बांटकर 22 जनवरी को दिवाली मनाने के लिए कर रहे हैं प्रोत्साहित

रुद्रपुर(उद सवांददाता)। अयोध्या धाम में 22 जनवरी को भव्य श्री राम मंदिर में श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रुद्रपुर के भाजपा नेता ने एक अलग ही मुहिम चला रखी है। 22 जनवरी को रुद्रपुर का हर घर रोशन हो, दिए जलाए जाये और हर घर प्रभु श्री राम के जयकारे से गूंज उठे इसके लिए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ रुद्रपुर की विभिन्न कालोनियो और बस्तियों में घर-घर जाकर श्री राम के नाम की अलख जगा रहे हैं। श्री चुघ लोगों को दिए,बाती,सरसों का तेल और भव्य श्री राम मंदिर का कैलेंडर आदि प्रदान करते हुए उन्हें 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दिवाली की तरह बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रभु श्री राम की धुन में डूबे श्री चुघ लोगों के बीच पहुंचकर प्रभु श्री राम का गुणगान करते हुए उन्हे पूजा सामग्री सौप कर रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्री राम मंदिर और प्रभु श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश-विदेश में लोगों के बीच काफी उत्साह है। इस कार्यक्रम को लेकर अयोध्या धाम में भव्य तरह से तैयारी चल रही हैं। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया बनेगी। इसको लेकर करोड़ों देशवासियों में खासा उत्साह देखने को नजर आ रहा है। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर घर-घर पूजा सामग्री वितरित की जा रही है ,ताकि 22 जनवरी को प्रत्येक हिंदू अपने घरों पर दिए जला सकें और प्रभु राम का स्मरण करें ।इसको लेकर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और



समाजसेवी भारत भूषण चुघ द्वारा लोगों को पूजा सामग्री वितरित की जा रही है। इसी क्रम में आज श्री चुघ ने ट्रांजिट कैंप में घर-घर जाकर पूजा सामग्री का वितरण किया। श्री चुघ ने कैंप के श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर जाकर माथा टेका और वहां के पुजारी जी को सामग्री भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया। उसके पश्चात भाजपा नेता चुघ अपनी टीम के साथ भगवान श्री राम के जयकारों के बीच कैंप थाने पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरित किए। उन्होंने ट्रांजिट कैंप के घर-घर और दुकान दुकान जाकर पूजा सामग्री राम भक्तों को सौंपी। उन्होंने कहा कि यह ऐसा पल देशवासियों के लिए आया है कि जिस पर करोड़ो हिंदू गर्व कर सकते हैं कि जब सदियों से हिंदुओं के आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम भव्य राम मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भव्य और दिव्य रूप से रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। जिसके जजमान स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम दिग्गज लोग शामिल होंगे। श्री चुघ ने कहा कि यह राम मंदिर अपने दिव्य स्वरुप में आ चुका है और लाखों करोड़ों लोग इस गौरवशाली पल का साक्षी बनेंगे ।उन्होंने लोगों से अपील की 22 जनवरी को घर-घर में दिया जलाएं और भगवा ध्वज स्थापित करें। उन्होंने कहा 22 जनवरी का दिन बहुत बड़ा दिन है जिस प्रकार लोग दिवाली का उत्सव मनाते हैं उसी प्रकार वह 22 जनवरी को भी दिवाली की तरह ही अपने घरों में रोशनी करें और प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए ।इस दौरान तमाम कैंप वासियों में खास उत्साह देखने को नजर आया और लोगों ने जय श्री राम का स्मरण किया। इस मौके पर संजीव गुप्ता ,अभिषेक, सनी पासवान, विकास बंसल ,मनोज गुप्ता, चंद्रपाल मौर्य, बाबी गंगवार, प्रियांशु ,शिवकुमार शिबू, कृष्ण पाल, राधे मोहन, पंकज, राजीव सिंह ,सुनील कुमार, सुमित कुमार ,संजीव सिंह ,नरेंद्र कुमार, राजीव सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में चलाया सफाई अभियान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से आवाहन किया था कि 22 जनवरी जब अयोध्या में श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है तब तक सभी देशवासी और भाजपा कार्यकर्ता मंदिरों में सफाई अभियान चलाएं। जिसके तहत आज सुबह भाजपा नेता और समाज सेवी भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में तमाम लोगों ने ट्रांजिट कैंप के श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में वृहद सफाई अभियान चलाया ।इस दौरान उन्होंने मंदिर के कोने-कोने में सफाई की। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि यह देश के लिए और करोड़ों हिंदू वासियों के लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की पहल की है, जिसके तहत पूरे देश के धार्मिक स्थलों पर सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। और यह अभियान 22 जनवरी तक जारी रहेगा। श्री चुघ ने कहा की पीएम मोदी का विजन देश को स्वस्थ और समृद्ध भारत बनाना है ऐसे में सभी देशवासी उनके विजन के सहयोगी बने और स्वस्थ भारत का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश चौमुखी विकास कर रहा है और आने वाला कल भी भाजपा का होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी और देश को नहीं ऊंचाइयों तक लेकर जाएगी। इस दौरान संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास बंसल ,प्रियांशु ,शिवकुमार शिबू, राजीव सिंह ,सुमित, सुनील ,नरेंद्र, पंकज, कृष्णपाल, पंकज ,राधे मोहन, चंद्रपाल मौर्य, सनी पासवान ,अभिषेक, राज कोली, बॉबी गंगवार, समेत तमाम लोग मौजूद थे।




# भाजपाईयों ने शनि मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

खटीमा (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 15 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों गुरुद्वारों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शनि मंदिर खटीमा में स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर की सफाई की। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के संयोजक नवल वाल्मीकि एवं सहसंयोजक महेश वाल्मीकि के नेतृत्व में एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनि मंदिर में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वरम जोशी ने बताया कि स्वच्छता



अभियान लगातार अयोध्या में बंद है मंदिर निर्माण तक जारी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक मंदिर में जाकर अपने स्तर से स्वच्छता अभियान चलाएंगे। मंदिरों की साफ सफाई करेंगे। मंदिरों एवं पूजा स्थलों में रंगाई पुताई का काम करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा, रमेश जोशी, आयुष रस्तोगी, निखिल कुमार, विवेक गुप्ता, कमल चौहान, सरदार अमरजीत सिंह आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद की भूमिका में पृथ्वीराज राय का स्मरणीय अभिनय

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप स्थित विवेकानंद पार्क में आयोजित स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद यंग क्लब के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विवेकानंद अभिनय नृत्य नाटिका में स्वामी विवेकानंद की भूमिका में समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता परिमल राय के सुपुत्र पृथ्वीराज राय ने स्वामी विवेकानंद के किरदार में यादगार अभिनय कर उपस्थित सैकड़ों अतिथियों को प्रभावित किया। पृथ्वीराज राय स्वामी विवेकानंद की भूमिका में जीवंत अभिनय किया एवं स्वामी जी की वेशभूषा, आकृति, चेहरे का भाव भंगिमा एवं चलने फिरने के अंदाज को एवं स्वामी ।विवेकानंद साथ बैक ग्राउंड में नृत्य कर रहे छात्र-छात्राओं के नृत्य की दर्शकों ने खूब सराहना की। इस दौरान दर्शकों को स्तब्ध रहने को मजबूर हो गए और वातावरण बिल्कुल शांत हो गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता तथा पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने विवेकानंद के




अभिनय एवं नृत्य नाटिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की प्रस्तुति अत्यंत सुंदर है एवं पृथ्वीराज राय ने विवेकानंद की भूमिका मैं जीवन अभिनय किया। इसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है।रामकृष्ण परमहंस देव की भूमिका में दुर्जन लाल कश्यप, मां काली की भूमिका में अंजलि, नृत्य नाटिका में प्रतिभा मिश्रा दीपा मौर्य, एकता, नैंसी सरकार, शिवानी कौशल, खुशी शर्मा, अनमोल शर्मा, दीपक गंगवार, प्रिंस तिवारी ने भी सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया। विवेकानंद नृत्य नाटिका समाप्त होने के बाद स्वामी विवेकानंद के रूप में पृथ्वीराज के साथ लोग सेल्फी लेते रहे। पृथ्वीराज ने इस कार्यक्रम की इस सफलतम प्रस्तुति का श्रेय स्वामी विवेकानंद जी का आशीर्वाद एवं निर्देशक अपने पिता परिमल राय तथा कोरियोग्राफर के साथ ही ब्रिलियंट एकेडमी विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती बुलबुल राय, कार्यक्रम व्यवस्थापिका श्रीमती अनुपमा सिंह एवं सहयोगी छात्र- छात्राओं को एवं उपस्थित सम्मानित अतिथियोंएवंदर्शक गणोंकोदिया।

# ऑनलाईन आर.टी.आई.पोर्टल बनने से लोगों को मिलेगी राहत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड ऑनलाईन आर.टी.आई. पोर्टल तथा ऑनलाईन द्वितीय अपील/शिकायत एवं हाईब्रिड सुनवाई की व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सूचना अनुरोध पत्रों तथा प्रथम अपीलों के ऑनलाईन प्रेषण पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाईन आर.टी.आई.पोर्टल बनने से लोगों को काफी मदद मिलेगी। अपीलों की सुनवाई की सुनवाई हेतु आने-जाने में लगने वाला समय भी बचेगा। सूचना का अधिकार अधिनियम से लोगों को शासन प्रशासन से संबंधित अपनी व्यक्तिगत तथा सामुदायिक कठिनाईयों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रारंभ की गई ऑनलाईन सुविधाओं का सबसे अधिक लाभ राज्य के दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों को प्राप्त होगा। इससे आवेदकों को आवेदन एवं प्रथम अपील व द्वितीय अपील में भी आसानी होगी। इस दौरान मुख्य सूचना आयुक्त श्री अनिल चन्द्र पुनेठा ने कहा कि द्वितीय



अपील एवं शिकायतों के ऑनलाईन पंजीकरण तथा हाईब्रिड मोड की सुविधा आज से ही आमजन को उपलब्ध हो जाएगी। अब शीघ्र ही पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कार्य सम्पादित होंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, राज्य सूचना आयुक्त श्री विवेक शर्मा, श्री विपिन चन्द्रा, श्री अर्जुन सिंह तथा श्री योगेश भट्ट, सचिव श्री दीपेन्द्र चौधरी, अपर सचिव श्री प्रताप सिंह शाह, सचिव उत्तराखण्ड सूचना आयोग श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।